आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला परिषद चुनाव में भाजपा की जीत को कांग्रेस के लिए निराशाजनक करार दिया है। रोहित ठाकुर ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लम्बें समय तक कांग्रेस का दुर्ग रहे शिमला जिला में पार्टी का पंचायत चुनावों में प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। ऐसे में इन नतीजों की गंभीरता से समीक्षा और आत्ममंथन करने की जरूरत है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के दौरान पार्टी नेताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इसमें सरकार के चार साल का कार्यकाल भी शामिल है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि मंत्रिमंडल की बैठक सरकार में किसी प्रकार के मनमुटाव के कारण स्थगित की गई है।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लगातार जनाधार खो रही है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज और नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है और अब इन चुनावी नतीजों का असर विधानसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। सुरेश कश्यप ने आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार पर चुनावी साल में जनता को बरगलाने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य की 22 लाख महिलाओं को 15 सौ रूपए हर महीने देने की चुनावी गारंटी के नाम पर सत्ता में आई थी, लेकिन अब महज 2 लाख महिलाओं को ही 15 सौ रूपए देने की ही बात कह रही है।

सुरंग

मंडी—मनाली फोर लेन सड़क पर अब यात्रा और सुगम हो गई है। इस सड़क पर बनी दो सुरंगों दयोड़—हणोगी को आज से यातायात के लिए खोल दिया है। इन सुरंगों के शुरू हो जाने से मंडी से कुल्लू का सफर अब महज एक घंटें में पूरा हो जाएगा।

स्पोर्टस् मीट

राज्य वन विभाग की 27वीं खेलकूद प्रतियोगिता आज शिमला जिला के रामपुर में आरंभ हुइ। प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वन विभाग की महत्वकांक्षी ईको टूरिज्म परियोजना से प्रदेश की आर्थिकी को व्यापक सहारा मिला है। उन्होंने लोगों से पौधरोपण अभियान से जुड़ने और प्रदेश को और अधिक हरा—भरा बनाने की दिशा में काम करने की अपील की। खाची ने कहा कि

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक राज्य के हरित आवरण को 32 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इस प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## एडवाईजरी

हमीरपुर जिला स्वास्थ्य विभाग ने स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए एडवाईजरी जारी की है। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सतीश कुमार फोतेदार ने आम जनता से स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मौसम के बदलाव के दौरान वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस लिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है।

——————————————————————